## कलश यात्रा के साथ शिव प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

**चरही (आजाद सिपाही)।** ग्राम कारूखाप में रविवार को तीन दिवसीय कलश यात्रा के साथ श्री श्री 1008 शिव प्राण प्रतिष्ठा बजरंगबली के प्रतिमा के उपस्थिति में सैकड़ों के संख्या में ढोल नगाडे के साथ ग्राम कारूखाप के तमाम सिमाना को भ्रमण कर भिम कुमार पांडे, राजन पंडा, पुजारी किशून महतो, और कुलदीप ठाकुर के उपस्थिति में पास के बुढा नदी से जल उठाया गया। यह कार्यक्रम लगातार तीन दिनों तक चलता रहेगा मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है। पुजारी ने कहा कि इस प्रकार की पुजा पाठ से गांव शुध्द होता है तमाम मुश्किलें से राहत मिलेगी और मन शांत रहता है। हेंदेगढा के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि भुवनेश्वर तुरी ने कहा ग्राम कारूखाप में हमेशा इस तरह की पुजा पाठ होता रहता है और इस बार भी पूजा समिति एंव ग्रामीणों द्वारा भव्य तरीके से पूजा के लिए व्यवस्था किया गया है।

## रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बने वरुण कुमार

**विष्णुगढ (आजाद सिपाही)।** बाजार टांड स्थित राम मंदिर परिसर में सभी आखाड़ो वा राम भक्तो की उपस्तिथि में महासमिति का गठन किय गया। जिसकी अध्यक्षता महासमिति के पूर्व अध्यक्ष बिनोद सिंह एवं संचालन पूर्व अध्यक्ष लखन प्रसाद ने किया। सर्वसम्मति से वरुण कुमार को महासमिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। महासमिति के लिए विभिन्न पदों के लिए पदाधिकारियों का गठन किया गया। संरक्षक ओमकार नाथ शर्मा, सोबरन भगत, उपाध्यक्ष अनुराग बर्मन, महेश पांडेय, सचिव निर्मल कुमार सह सचिव विनय कुमार दास, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार, सह कोषाध्यक्ष शशि सलाहकार, मीडिया प्रभारी पवन प्रताप सिंह बनाये गये। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य अशोक सिंह, राजू रवानी, अनूप कसेरा, सुमित कुमार, पवन कुमार, राहुल गुप्ता, अजित कुमार, गणेश कुमार, कैलाश कुमार, मुकेश विश्वकर्मा, संजय कसेरा, आशीष वर्णवाल, शंकर गोस्वामी, अशोक गुप्ता, रवि पांडेय, पवन राय, राजेश सोनी, जीवन सोनी, विकास पासवान, प्रभाकर मिश्रा, सुजीत कसेरा मनोनित किये गए।

## बनाहप्पा में हाथियों के आतंक से ग्रामीण परेशान



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड एवं दारू क्षेत्र में झुंड से बिछड़े तीन हांथी लगातार आतंक मचा रहे है। शनिवार की रात्रि को हांथीयों ने हुटपा पंचायत के बनाहप्पा में फिर से जबरजस्त बबार्दी मचाई। हांथी पिछले कई दिनों से बनाहप्पा, जिनगा, कवालु में विचरण करते हुए लगातार तबाही मचा रहे है। हांथीयों ने शनिवार की रात्रि दसरथ कुमार और तुलसी साव की चारदीवारी तोड़ कर कई एकड़ में लगा केला, पपीता, आलू की फसल को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया और पानी पटाने के लिए लागये गए पाइप को तोड़कर नष्ट कर दिया। हांथीयों के आतंक से परेशान ग्रामीणों का अब सब्र का बांध धीरे धीरे टूटता जा रहा है और ग्रामीण अब इस मुद्दे को लेकर आंदोलन करने का मन बना रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि हांथी लगातार उनकी फसलों को बर्बाद कर रहा है

## भाजपा के शासन काल में भारत में लोकतंत्र पूरी तरह से ध्वस्तः शैलेंद्र

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त किए जाने के विरोध में रविवार को पुराना समाहरणालय स्थित धरना स्थल पर एकदिवसीय संकल्प सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें राहुल गांधी की लोकसभा रद्द होने पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा के शासन काल में भारत में लोकतंत्र पुरी तरह से ध्वस्त हो गई है। राहुल गांधी को भाजपा के खिलाफ बोलने की ही सजा मिली। राहुल गांधी लगातार भाजपा की गलत नीतियों के खिलाफ मुखर हो कर बोलने का काम किया जिसका नतीजा है उनकी लोकसभा की सदस्यता समाप्त कर दिया गया है। बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि लगभग 4 हजार किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा तथा संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अडानी के रिश्ते पर सवाल खड़ा करने के बाद मोदी सरकार पुरी तरह से बौखला गई है। सदन में राहुल गांधी की आवाज को दबाने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, पूर्व अध्यक्ष आबिद अंसारी, विजय कुमार यादव, अदिब रिजवी, यमूना यादव, शशिकांत ओझा, अशोक देव, साजिद हुसैन, संजय गुप्ता मीडिया प्रभारी निसार खान महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, अजीम खान, डॉ. प्रकाश कुमार, निजामुद्दीन अंसरी, शारदा रंजन दुबे, राजू चौरसिया, प्रखंड अध्यक्षों में मो. मोइनुद्दीन, विकास यादव, गौतम कुमार मेहता, राम जन्म राय, नरसिंह प्रजापति, गोवर्धन गंझू, मनिषा टोप्पो, असगरी अंजूम, कोमल कुमारी, शिव कुमारी सोनी, साजिद अली खान, दिलीप कुमार रवि, गोविंद राम, लाल बिहारी सिंह, अजय गुप्ता, कृष्णा किशोर प्रसाद, गुड्डू सिंह, रघु जायसवाल, अनवर हुसैन, लखराज सिंह, सुरजीत नागवाला, धीरज यादव, बब्लू कुशवाहा, मो. जावीर, अफरोज आलम, रीतलाल मंडल, ओम प्रकाश झा, राम अनुज सिंह, अर्जुन सिंह, विजय कुमार सिंह, कैलाश पति देव, भैया असीम कुमार के अलावा कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ठंडा लोड ट्रेलर और ट्रक के बीच टक्कर, चालक गंभीर



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत कोडरमा घाटी के नौवा माइल के पास रविवार दोपहर 12 बजे कोल्ड ड्रिंक लोड ट्रेलर और ट्रक की जोरदार टक्कर में चालक घायल हो गया। अब तक घायल की पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार ट्रेलर में ठंडा लोड करके बिहार की तरफ जा रहा था। कोडरमा घाटी के नौवा माइल के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टक्कर होने से ट्रेलर में रखा ठंडा रोड पर बिखर गया और चालक उसमें फंस गया। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को देने के बाद कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम दल बल के साथ पहुंचकर घायल को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला और इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा।

# पुलिस और टीपीसी में हुई मुठभेड़, एक को धर दबोचा

## हजारीबाग जिला बल और रांची जिला बल के जवानों ने संयुक्त कार्रवाई की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** गत शनिवार को गुप्त सूचना मिली थी कि हजारीबाग और रांची जिला के सीमा पर स्थित डमारू जंगल में टीपीसी उग्रवादी संगठन के सक्रिय सदस्य एरिया कमांडर पहाड़ी उर्फ रामेश्वर महतो, विक्रम उर्फ मुनेश्वर गंझू, गुरुदेव, प्रताप उर्फ दिवाकर सहित कई अन्य सदस्य किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए हैं और योजना बना रहे हैं।



उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई के लिए हजारीबाग जिला बल और रांची जिला बल के जवानों का एक संयुक्त छापामारी टीम का गठन किया गया। दोनों जिला की टीम के द्वारा अलग अलग दिशा से जंगल का घेराबंदी किया गया। अपने को पुलिस बल से घिरा देखकर उग्रवादियों द्वारा फायरिंग शुरू की गई। जवाब में पुलिस बल के द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई। पुलिस बल को भारी पड़ता देकर उग्रवादी जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। इस दौरान उग्रवादी संगठन के ही एक व्यक्ति को पुलिस बल के द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया। तत्पश्चात घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तो उक्त स्थल से दो खाली टिपिन, एक प्लास्टिक का तिरपाल और एक पुराना स्लीपिंग बैग पाया गया, जिसे पुलिस बल के द्वारा अपने कब्जे में लिया गया। छापामारी दल में शामिल दोनों जिला बल के जवान सुरक्षित है, कोई हताहत नही है।

# आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए आंदोलन तेज करना होगाः जैनेंद्र तथागत

## भारतीय लोक सहकार महासंघ का जिला सम्मेलन संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोडरमा।** कोऑपरेटिव आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए रविवार को सांस्कृतिक भवन चन्दवारा में भारतीय लोक सहकार महासंघ के बैनर तले जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चन्दवारा के सामाजिक कार्यकर्ता संजय रंजन ने किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि भारतीय लोक सहकार महासंघ और भारतीय बुद्धिस्ट सोसाइटी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते जैनेंद्र कुमार तथागत ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सोवियत संघ में बोल्शेविक क्रांति के बाद वहां के संविधान में पूंजी और श्रम के बीच की दूरी को खत्म किया गया। सहकारी खेती और सहकारी उद्योग पर जोर दिया जिसमें सभी को बराबर की हिस्सेदारी होगी। इसी से प्रेरित होकर बाबा साहेब




अम्बेडकर ने भी भारतीय संविधान में सहकारी आंदोलन की भी चर्चा किया। आज भारत सरकार ने नया सहकारिता मन्त्रालय बनाया है। झारखंड में सहकारिता आंदोलन को आगे बढ़ाना है और कृषि, डेयरी, पशुपालन, ढिबरा उद्योग के क्षेत्र में सामूहिक रूप से काम करने के लिए हर स्तर पर कॉपरेटिव समिति बनाना होगा और सबसे कमजोर वर्ग अनुसूचित जाति और जनजाति तथा महिलाओं को बड़े पैमाने पर जोड़ना होगा ताकि इस समाज का आर्थिक और सामाजिक विकास किया जा सके। सम्मेलन को सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार, पीपुल्स कॉपरेटिव फेडरेशन के सुधान्शु शेखर (रांची) राजकुमार दास व शम्भु दास (हजारीबाग), भारतीय बुद्धिस्ट सोसाइटी महासंघ बिहार के अध्यक्ष भंते धम्म बोधी, रविदास महासभा के बिनोद राम आदि ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया। अंत में लोक सहकार महासंघ कोडरमा जिला कमिटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया जिसमें संजय कुमार रंजन अध्यक्ष, इन्द्रदेव दास, महेन्द्र रविदास व कृष्णा पासवान उपाध्यक्ष, पंकज कुमार सचिव, प्रेम कुमार व ममता देवी संयुक्त सचिव, दिलिप कुमार कोषाध्यक्ष तथा अनील दास, राजेन्द्र दास एवं कलावती देवी कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। धन्यवाद ज्ञापन बिनोद राम ने किया।

# युवती की अपहरण के बाद हत्या की आशंका

## परिजनों ने किया सड़क जाम, चार युवक पकड़े गये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**डोमचांच।** डोमचांच में एक युवती का अपहरण और हत्या कर शव को पत्थर खदान में फेंक दिए जाने के मामले को लेकर रविवार को सड़क जाम किया गया। जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत बाजार रोड निवासी 24 वर्षीय सोनी कुमारी नामक युवती 21 मार्च से लापता थी। उसके पिता सुनील कुमार ने बताया कि डोमचांच थाने में 22 मार्च को गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया गया था। मामले की छानबीन के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को जानकारी दिया गया कि आपकी पुत्री की हत्या हो गयी तो फिर पीड़ित परिवार के द्वारा 5 युवकों पर हत्या का आरोप लगाते हुए डोमचांच पुलिस से कार्यवायी की मांग की गई। रविवार 26 मार्च को पीड़ित परिवार को पता चला कि उनकी पुत्री को आरोपियों के द्वारा



अम्बादाह के बंद पड़े पत्थर माइंस में फेंक दिया गया है। जिसके बाद से लगातार पीड़ित परिवार के द्वारा युवती के शव को पत्थर खदान से निकलवाने की मांग तेज हो गई। वही पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों ने कोडरमा गिरिडीह सड़क मार्ग को शहीद चौक के निकट जाम कर रखा है और एनडीआरएफ की टीम को जल्द मंगवाने और दोषी युवकों को फांसी की सजा देने की भी मांग कर रहे हैं। इधर घटना के बाद पुलिस ने तीन युवकों को डोमचांच पुलिस ने हिरासत में लिया है, वहीं एक युवक को मुंबई से लाया जा रहा है। पुलिस निरीक्षक अवधेश सिंह, सीओ मां देवप्रिया, थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खान सड़क जाम स्थल पर हैं और सड़क जाम हटाने के लिए लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि मामले के उद्भेदन में पुलिस जुटी है और सभी आरोपियों को जल्द पकड़ लेगी। इधर खदान से शव को निकालने के लिए एनडीआरएफ की टीम भी बुलायी जा रही है।

## रंजू कुमारी का पूरा इलाज एम्स में होगाः सांसद

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम कसियाडीह निवासी फागुन महतो के 7 वर्षीय पुत्री रंजू कुमारी के रीढ़ की हड्डी टेढ़ी हो गयी है। चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह से रांची आवास पर मिलकर टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने बच्ची रंजू के ईलाज में मदद का आग्रह किया। सांसद सुनील सिंह इस बच्ची के ईलाज को गंभीरता से लेते हुए कहा कि रंजू कुमारी के रीढ़ का समुचित ईलाज दिल्ली एम्स में किया जायेगा, साथ ही रंजू के ईलाज में प्रधानमंत्री राहत कोष से आर्थिक मदद का भी प्रयास किया जायेगा। मौके पर कसियाडीह पंचायत समिति सदस्य राजेश चौधरी, पिता फागुन महतो, बिनोद महतो मौजूद थे। बताते चलें कि बच्ची के पिता फागुन महतो राज मिस्त्री का काम करते हैं। फागुन महतो ने कहा कि हमारी आर्थिक स्थिति कमजोर है, जिसके कारण बच्ची का सही रुप से समुचित ईलाज नहीं करवा पा रहा हूं।

## बाल विवाह और जबरन शादी रोक-थाम को लेकर महिला मुक्ति संस्था ने किया सम्मेलन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** किशोरियों के बाल विवाह और जबरन शादी रोक–थाम, आवागमन में बाधा, जेंडर भेदभाव एवं किशोरियों एवं महिलाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास को लेकर एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हसेल मैदान में महिला मुक्ति संस्था के द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर किशोरियों और महिलाओं ने पितृसत्ता को चुनौती देते हुए फुटबॉल खेल, बाल विवाह रोकथाम पर गीत, नाटक के माध्यम से स्वास्थ्य समस्या, आवागमन में चुनौती, पहनावा में चुनौती, शिक्षा में बाधा को उपस्थित जन प्रतिनिधि, समाज के अग्रणी व्यक्ति के बीच रखा। सभा के समापन समारोह में विधायक अमित यादव, जिप सदस्य रेनू देवी, विधायक प्रतिनिधि सचिदानंद अग्रवाल, मुखिया सिकंदर राम, पूर्व मुखिया निर्मल कुमार, इंद्रदेव मेहता को संस्था सचिव देवयानी वर्मा ने स्वागत किया। सचिव ने कहा कि संस्था से जुड़ी महिला और किशोरी कई चुनौतियों का सामना करते हुए इचाक प्रखंड में फुटबॉल खेलना, स्कूटी चलाना, शिक्षा और रोजगार के लिए बाहर निकलना, यौनिकता को चुनौती देना, घरेलु हिंसा, सामाजिक भेदभाव का विरोध करना सिख पाई हैं, संस्था का प्रयास आगे भी पितृसत्ता को चुनौती देते हुए महिलाओं और लड़कियों को आगे निकलने का अवसर मिलेगा। विधायक अमित यादव ने महिला मुक्ति संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अवसर देना बेकार नहीं जाता है, आज क्षेत्र की किशोरियां मंच संचालन और भाषण, नाटक, गीत के माध्यम से क्षेत्र के सामाजिक मुद्दे को खुलकर रख पा रही हैं। जिला परिषद् सदस्य रेनू देवी ने कहा कि क्षेत्र में महिलाओं एवं लड़कियों की समस्या को पहचान कर उन्हें जागरूक कर रही है जिससे लड़कियां हिंसा का विरोध करने में सक्षम हुई है। मंच संचालन डौली खातून एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्था की लीला कुमारी ने किया।

## पेंटिंग में स्नेहलता का बेहतर प्रदर्शन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** मन में जो सोच होता है वह कार्य को करने के लिए मेहनत में कमी नहीं होने देता है। मेहनत करने पर वह कभी असफल नहीं होती है । इसी तरह अपने को मेहनत कर एक से बढ़कर एक पेंटिंग कार्य को झरपो निवासी रघु मिष्ठान भंडार के निदेशक रघुनंदन प्रसाद की छोटी बेटी कुमारी स्नेहलता कर रही है। स्नेहलता के द्वारा बनाया गया पेंटिंग कार्य को हजारीबाग में आयोजित पेंटिंग प्रदर्शनी में शामिल हुई अपनी प्रतिभा को रखा। पेंटिंग कार्य को देखने के लिए शनिवार को सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल एवं विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय ने स्नेहलता के पिता रघुनंदन प्रसाद के साथ गया और पेंटिंग कार्य को देख कर खुब प्रशंसा कर बधाई दिया। पेंटिंग प्रदर्शनी हजारीबाग के गांधी मैदान के पास अनुभव कला केंद्र में आयोजित था। वहां पर विभिन्न प्रतियोगियों के द्वारा प्राकृतिक वातावरण, देवी– देवता, जीव जंतु, सोहराय समेत अन्य पेंटिंग कार्य किया हुआ था। स्नेहलता ने बताई कि पेंटिंग सिखने का कार्य हजारीबाग में सिखी और अभी एक से बढ़कर एक पेंटिंग कार्य कर रही हैं। पेंटिंग सिखने और अच्छी करने के लिए दिन रात मेहनत करती हुं। मेहनत करने पर उसका फल भी मेहनत जैसा ही होती है। मैंने अभी तक राधा कृष्ण का मुर्ति एवं सोहराय पर आधारित डिजाइन बनाया है।

## संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम हेमंत सोरेन और विधायक प्रदीप यादव से की मुलाकात



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इचाक प्रखंड के 81 गांव, पदमा प्रखड के 30 गांव, कटकमसांडी के 76 गांव समेत कई अन्य गांव को इको सेंसेटिव जोन में शामिल किया गया है। इसके विरोध में संघर्ष समिति महीनों से संघर्ष रत है और लगातार आंदोलन कर रही है। संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधि मंडल रांची जाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक प्रदीप यादव से मुलाकात कर आभार जताया और इको सेंसेटिव जोन के क्षेत्रफल को घटाने का आग्रह किया। इससे पूर्व इको सेंसेटिव जोन का क्षेत्रफल पूर्ववत रहने देने की मांग को झारखंड विधानसभा में पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव द्वारा ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से सदन में प्रस्तुत किया गया था। उनकी मांग पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सकारात्मक जवाब दिया और कहा कि राज्य सरकार इस पर पहल करेगी और उच्चतम न्यायालय में इंटरवेनर भी बनेगी। राज्य सरकार द्वारा जनहित में लिए गये निर्णय से उत्साहित होकर हजारीबाग इको सेंसेटिव जोन संघर्ष समिति विधानसभा में मुख्यमंत्री से मिलकर उनको धन्यवाद दिया। इस अवसर पर विधायक श्री प्रदीप यादव जी भी उपस्थित थे। प्रतिनिधि मंडल में समिति के अध्यक्ष भागवत प्रसाद मेहता, राजेश मेहता, प्रसादी मेहता, जीप सदस्य बसंत नारायण मेहता, पूर्व उप प्रमुख चंद्रदेव मेहता, दिनेश मेहता, राजेश गुप्ता, मुखिया उमेश मेहता, सुभाष मेहता के अलावा कई लोग शामिल थे।

## सिंदवारी पंचमुखी हनुमत लला प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में शामिल हुए रोशन लाल



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** महायज्ञ समिति सिन्दवारी नगड़ी गांव में श्री श्री 1008 की पंचमुखी हनुमतलला प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी शामिल होकर बड़कागांव क्षेत्र की सुख शांति की कामना किया। आगे उन्होंने कहा कि यज्ञ होने से क्षेत्र में सुख शांति के अलावा पर्यावरण पर भी लाभदायक होती है क्योंकि हवन होने से दूर–दूर तक इसकी धुआ जहां तक जाती है वातावरण शुद्ध एवं पवित्र होता है, सुख शांति धन ध्यान की वृद्धि होती है। मौके पर आजसू के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, कामेश्वर महतो, भोला महतो, समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार तपेश्वर कुमार तापस, महादेव साव, भीखम साव, महावीर साव, रामनाथ साव, सुरेश राणा, देवनन्द साव, अशोक दास, हीरालाल महतो, तुलेश्वर वर्मा, शिव दयाल महतो, शिबू साव, धनेश्वर महतो, विकास वर्मा, महादेव महतो, महादेव साव, राजेश राम, अशोक प्रसाद, सुरेश साव, रीतलाल प्रजापति, बसंत वर्मा, लेलून वर्मा, चक्रधारी महतो, महेश साव, भोला साव, नागेश्वर राव, राजेश प्रसाद, केदार साव, प्रदीप महतो इसके अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## माले जिला कमेटी की बैठक आज

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** माले जिला कमेटी की बैठक 27 मार्च समय 11 बजे दिन से महाराणा प्रताप चौक झुमरीतिलैया पार्टी कार्यालय में रखी गई है। आगामी कार्यभार एवं पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ पार्टी को मजबूत बनाने, सभी संगठनों को मजबूत करने को लेकर पार्टी की आवश्यक बैठक रखी गई है। यह जानकारी जिला सचिव राजेंद्र मेहता, जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव ने दिया।

## बुलेट और घोड़े पर सवार महिलाओं ने दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश

# रामनवमी के रंग में रंगा हजारीबाग, सनराइज ग्रुप ने निकाली शोभायात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग का विश्व विख्यात रामनवमी अब अपने रंग में रंगने लगा है। हर ओर महाबिरी झंडा लहरा रहा है, लोग हाथों और अपने वाहनों पर महाबिरि झंडा बांध राम का जयकारा करते गुजर रहे है। इसी कड़ी में रविवार को सनराइज ग्रुप के द्वारा चैत्र नवरात्र की पंचमी तिथि पर भव्य शोभायात्रा निकाला गया। पुरी शोभायात्रा में महिला सशक्तिकरण की झलक देखने को मिली, जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा एवं अस्त्र





शस्त्र के साथ सुशोभित होकर इस शोभायात्रा में शामिल हुई। मुंबई महाराष्ट्र से आये कलाकारों ने भी घोड़े पर सवार होकर झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई बन तलवार, भाला, फरसा समेत अन्य अस्त्र लिए घोड़े और बुलेट पर चल रहे थे। साथ ही बैंड बाजे का भी करतब दिखाया, जबकि बुलेट की सवारी करती कलाकारों एवं गुरुकुल कन्या विद्यालय की छात्राओं ने भी अस्त्र शस्त्र का परिचालन कर पूरे शहर को रामनवमी के रंग में रंग दिया। बताते चलें की सनराइज ग्रुप के द्वारा पिछले चार वर्षों से रामनवमी के अवसर पर इस तरह के आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय कालीबाडी. से निकली भव्य शोभायात्रा झंडा चौक बड़ा अखाड़ा होते हुए वापस कालीबाडी. आकर समाप्त हुआ।

झंडा शोभायात्रा में महाराष्ट्र के मशहूर रणवाद्य ढोल ताशा पातक के 40 कलाकार अपनी प्रस्तुति दिए, जिसमें 40 कलाकारों में करीब 15 महिलाएं कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन कर रही है। शोभायात्रा में पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, विधायक मनीष जायसवाल, पूर्व डिप्टी मेयर आनंद देव, भैया अभिमन्यु समेत शहर के सैकड़ों रामभक्त शामिल थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in



## रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक



गोला (आजाद सिपाही)। बरलंगा थाना परिसर में रविवार को रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के जन प्रतिनिधियों, पूजा कमिटी के सदस्यों और बुद्धिजीवी वर्ग के लोग उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से थाना प्रभारी मौजूद थे। इस दौरान जिला प्रशासन के निर्देशानुसार त्योहार को मनाने के लिए दिशा निर्देश की जानकारी दी गई। बताया कि डीजे को छोड़कर अन्य वाद्य यंत्रों का प्रयोग करने का निर्देश दिया गया। जुलूस पारंपरिक मार्ग से गुजरे इसका निर्देश दिया गया मौके पर पूर्व मुखिया अनुज कुमार, अशोक कुमार, नारायण सिंह, हरिहर सिंह मुंडा आदि थी।

## कलयुग में समस्त मानवों को भागवत कथा सुनने की जरूरत : वैदिही शरण



कुजू (आजाद सिपाही)। संसार के मानवों को शरीर पर अभिमान नहीं करना चाहिए। मानवों को इस कलयुग में भगवान को अपना सबकुछ मानकर उन्हीं में अपना मन लगाना चाहिए। उक्त बातें अयोध्या धाम से आये कथावाचक वैदिही शरण महाराज ने द्वितीय दिन डटमामोड़ कुजू निवासी सह समाजसेवी गोपाल ठाकुर के आवास पर चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह को लेकर आयोजित कथा प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भागवत की दिव्य कथा श्रवण कर-के धुंधकारी पापी का उद्धार हो गया। इसलिए समस्त मानवो को भागवत की कथा श्रवण करते हुए उनके प्रति सदैव आस्थावान रहना चाहिए। इधर, लक्ष्मण गिरि ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों से मौजूद लोग झूमते नजर आये। इससे पूर्व, मुख्य आयोजक सह यजमान गोपाल ठाकुर ने कथा प्रवचन कार्यक्रम शुभारंभ महापुराण पुस्तक की पूजा अर्चना कर की। इधर, यज्ञाचार्य मनोज कुमार पांडेय ने यजमान गोपाल ठाकुर और उनकी धर्मपत्नी को मंडप पूजन समेत कई धार्मिक अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजार्चना कराया। इस अवसर पर दर्जनों महिला-पुरुष धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने दर्जनों गरीबों के बीच भोजन का किया वितरण



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, मंच के संस्थापक जगतार सिंह, संतन सिंह, जयश्री मेहता, उमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, जयप्रकाश पांडेय व शिक्षक भूपेंद्र वर्णवाल उर्फ रिंकू ने दर्जनों गरीब महिला-पुरुष एवं बच्चों के बीच पूरी-सब्जी का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने बताया कि सबके के सहयोग से पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश शर्मा, लालू उरांव, दिलीप गंझू, डॉ. जयश्री मेहता, रेणुका देवी, शुकरा उरांव, लखन राम, संजीव सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

## अज्ञात हाइवा की चपेट में आने से मोती गंझू की मौत, मुआवजे को लेकर सड़क जाम



सिमरिया (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के जबड़ा मुख्य सड़क पर बीते शाम शुक्रवार को जबड़ा गाँव निवासी मोती गंझू की मौत अज्ञात हाइवा के चपेट में आने से ईलाज के दौरान हो गयी। मृतक के परिजन मुआवजे को लेकर सड़क जाम कर दिया है। इधर सिमरिया पुलिस शांति व्यवस्था को लेकर घटना स्थल पर पहुंच गयी। और जाम हटाने का प्रयास जारी है। जानकारी के अनुशार बीते शुक्रवार को शाम 7:30 बजे हाइवा परिचालन के दौरान जबड़ा गांव निवासी सुधु गंझू के पुत्र मोती गंझू को अज्ञात हाइवा ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे वो घायल हो गया आनन फानन में परिजनों ने उसे सिमरिया रेफरल अस्पताल लाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। ईलाज के दौरान घायल मोती गंझू की मौत रविवार को हो गयी। ग्रामीणों ने शव के साथ मुख्य सड़क को जाम कर दिया और मृतक के आश्रित को नोकरी व मुआवजे की मांग कर रहें हैं। बता दें कि सड़क दुर्घटना में हाइवा के आतंक में मारे गये मृतकों के आश्रितों के लिए कई बार सड़क दुर्घटना मुआवजा नीति बनाने की कवायद की गई किंतु आज तक यह सड़क दुर्घटना मुआवजा नीति सीसीएल के तरफ से नहीं बन पाई है। इधर सीसीएल का कोयला टंडवा थाना से होकर सिमरिया थाना क्षेत्र के सभी मुख्य सड़क पर भारी वाहनों से कोयले की ढुलाई की जाती है। इसी क्रम में लापरवाह चालकों द्वारा इस तरह की घटनाएं आम हो गयी है। परंतु मुआवजा नीति पर किसी का ध्यान अभी तक नहीं गया है। अब आगे देखना यह है कि मोती गंझू को सड़क दुर्घटना में हुए मौत का मुआवजा दिया जाता है या केवल आश्वासन पर हीं काम तमाम कर दिया जायेगा।

### तीन दिवसीय मूर्ति हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू

# धार्मिक अनुष्ठान से शुद्ध होता है वातावरण: चंद्रप्रकाश चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। शहर के कोयरी टोला में हनुमान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित तीन दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ रविवार को कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा में कुल 1008 महिलाएं और कन्याएं शामिल हुई। गाजे-बाजे और जयकारे के साथ दामोदर नदी में गंगा आरती कर मंत्र उच्चरण संकल्प के साथ कलश में जल भरकर कतारबद्ध होकर महिलाएं मंदिर परिषर पहुंची। कलश यात्रा में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक के जिला संचालक शत्रुघ्न, प्रचारक नितेश के अलावा गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी शामिल थे।

### कलश यात्रा में 1008 महिलाएं और कन्याएं हुईं शामिल



### पहले दिन हुआ मंडप प्रवेश और वेदी पूजन

पांच दिवसीय भव्य धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन यज्ञ स्थल में मंडप प्रवेश एवं वेदी पूजन शुभारंभ किया गया। श्री-श्री प्राचीन महावीर मंदिर कोयरी टोला का 100 वर्ष पूरे होने पर, शताब्दी वर्ष समारोह अंतर्गत मंदिर जीर्णोद्धार किया गया है। हनुमान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिये तीन दिवसीय यज्ञ एवं रामनवमी पूजन कार्यक्रम (भव्य पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान ) आयोजित किया गया है।

### कार्यक्रम की तिथि निर्धारित

26 मार्च को कलश यात्रा, 27 मार्च को मूर्ति नगर भ्रमण, 28 मार्च को हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा, 29 मार्च को महावीर ध्वजारोहण एवं रात्रि जागरण, 30 मार्च को प्रवचन एवं रामनवमी पूजन, अटूट भंडारा आदि कार्यक्रम शामिल है। पांच दिवसीय अनुष्ठान में पुजारी यज्ञाचार्य गोबर्धन पाण्डेय, आचार्य पालेश्वर पाण्डेय, आचार्य आदित्य पांडेय, सहायक आचार्य डब्लू पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, श्रीकांत पांडेय आदि शामिल है। जबकि मुख्य यजमान ब्रजेश्वर महतो सपत्नीक सोनी देवी, सहायक यजमान के रूप में विनोद कुमार सपत्नीक दीपमाला देवी, जगत महतो सपत्नीक रत्नी देवी, कुलदीप कुमार सपत्नीक रेखा देवी, प्रदुमन महतो सपत्नीक अंजली देवी, चंद्रदेव महतो सपत्नीक फुलवा देवी, सुरेश महतो सपत्नीक अनुराती देवी, मिथिलेश कुमार सपत्नीक रूबी देवी एवं सुजीत कुमार सपत्नीक पूनम देवी शामिल हुए। मौके पर गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से वातावरण शुद्ध होता है। साथ ही आपसी भाईचारगी बढ़ती है। पूजन कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी और सदस्य का मेहनत पहले दिन देखने को मिल रहा है। सभी के मेहनत के कारण पहले दिन कार्यक्रम की भव्यता दिख रहा है।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्यक्रम को सफल बनाने में दीनदयाल साव, महेश साव, घनश्याम महतो, विक्रम कुशवाहा विकास महतो, रामू साव, लक्ष्मण महतो, दयालु महतो, नेमचंद प्रसाद, अजित कुमार, धीरेंद्र कुमार, केशव कुमार, राजकुमार कुमार, दिलीप दांगी, हीरा कुमार, गोपाल साव, पताली साव, रघुनंदन साव, अमित कुमार, सुरेंद्र साव, राजदेव कुमार, बबलू कुमार, सनुज, खेमचंद महतो, किरण कुमार, रंजीत कुमार साव, खेमलाल महतो, हेमू महतो, जगत महतो, तुलसी साव, रमेश साव, गणेश, भीमा, मनीष कुमार, सूरज वकील, राजू, कुमार, संजय निशांत कुमार, विशाल कुमार, राहुल कुमार, संदीप कुमार, रौनक कुमार, सुरेश साव, आदित्य, बादल, विक्रान्त, जयप्रकाश बादल, शक्ति, किशु, आयुष सहित अन्य शामिल है।

### चेंबर चुनाव को लेकर विनय अग्रवाल गुट ने किया जनसंपर्क

## व्यवसायियों के हितों की रक्षा करेगी टीम: विनय



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का सत्र 2023-25 का द्विवार्षिक चुनाव को लेकर विनय कुमार अग्रवाल के गुट के सभी सदस्यों ने रविवार को सांडी, रामा नगर, वीआरएल गेट, टोटी झरना रोड का दौरा कर व्यवसायियों से मिलकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील किया। जन संपर्क के दौरान सदस्यों ने व्यापारियों से कहा कि रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्री का सत्र 2023-25 वार्षिक चुनाव में इस टीम के सभी सदस्यों को अपना वोट देकर जिताए और सेवा का मौका दें। कहा गया कि जिला के व्यवसायियों एवं उद्योगपतियों के हितों की रक्षा के लिए हमारी टीम पूरी तरह से काम करेगी। उद्योगपतियों एवं व्यापारियों को पूरी सुरक्षा मिले जिससे कि वह निर्भीक होकर अपना व्यवसाय चला सके, इसके लिए हम संबंधित पदाधिकारी से मिलकर बात करेंगे। साथ ही हम सभी रियाडा से मिलकर रामगढ़ जिले में उद्योग लगाने के लिए नए क्षेत्र बनाने की मांग भी करेंगे।जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष मनजी सिंह, विनय कुमार अग्रवाल, अमरेश गणक, गोपाल शर्मा, मनोज चतुवेर्दी उर्फ मानू, दिनेश पोद्दार, विनय कुमार सिंह, मुरारी लाल अग्रवाल, मनजीत सहानी, सरोज कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह उर्फ जेपी सिंह उपस्थित थे।06

### विमल बुधिया गुट ने चलाया जनसंपर्क

## व्यवसायियों से मिल कर अपने पक्ष में मत देने की अपील की



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का सत्र 2023-25 के चुनाव को लेकर विमल बुधिया गुट के प्रत्याशियों ने रविवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क अभियान चलाया। बताते चले कि रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का चुनाव 2 अप्रैल को चेंबर भवन में होने जा रहा है। इसी को लेकर सशक्त समृद्ध एवं प्रभावशाली चेंबर के निर्माण के लिए विमल बुधिया गुट ने रांची रोड, रामगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में जन संपर्क अभियान चलाया। मौके पर विमल बुधिया के कहा कि रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज का सत्र 2023-25 वार्षिक चुनाव में हमारी टीम के सभी सदस्यों को अपना बहुमूल्य वोट देकर विजय बनाएं और सेवा करने का अवसर दें। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि हम सभी आपकी सेवा में समर्पित रहेंगे। सभी प्रत्याशियों ने व्यवसाई से मिलकर चेंबर के हितों की रक्षा के लिए वोट करने की अपील किया। जनसंपर्क अभियान में अमित कुमार सिन्हा, अमरेश कुमार सिंह, अरुण कुमार राय, विमल बुधिया, जितेंद्र कुमार अग्रवाल (जीतू) जितेंद्र प्रसाद (डब्लू) जितेंद्र सिंह पवार, मनोज कुमार मंडल, नंद किशोर गुप्ता उर्फ नंदू बाबू, नीरज सिंह, निलेश कुमार गुप्ता, रवि शंकर चोराशिया, विजय कुमार मेवाड़, विकास सेठी (जैन) विनोद कुमार पंकज आदि शामिल थे।

## संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा



कुजू (आजाद सिपाही)। हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा का संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर रामगढ़ जिला के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि सांसद जयंत सिन्हा को संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर लोकसभा वासी काफी उत्साहित है। कहा कि लोकसभा के लिए यह गर्व का दिन है। बधाई देने वालों में प्रवीण मेहता, प्रो खिरोधर प्रसाद साहू, राजू चतुवेर्दी, जगेश्वर प्रजापति, राजेंद्र कुशवाहा, मनोज गिरी, संजय शाह, हरिनारायण कुशवाहा, तोकेश सिंह, रतन प्रसाद साहू, डिम्पल प्रजापति, नीरज झा, अंशु गुप्ता, रवि साहू, आशीष साहू, मनोज महतो, प्रदीप शर्मा, आनंद बेदिया, उमेश प्रसाद साहू, दुलाल पंडा, विजय गिरी, अर्जुन कुशवाहा, विनोद प्रसाद शामिल है।

## चैती छठ के दूसरे दिन छठव्रतियों ने किया खरना पूजा, घाटों की साफ-सफाई जोरों पर



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। श्रद्धा भक्ति का महापर्व चैती छठ इस वर्ष भी भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल आदि आससपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तिभाव से मनाया जा रहा है। चार दिवसीय चैती छठ महापर्व के दूसरे दिन रविवार को छठव्रतियों ने खरना पूजा की। इस दौरान दिन भर निर्जला उपवास रखने के बाद छठव्रती शाम में शुद्ध रूप गाय के दूध में खीर का प्रसाद बनाईं। साथ ही छठव्रती पूजा अर्चना कर खीर के प्रसाद का सेवन किए। इसके बाद भक्तो के बीच खरना के प्रसाद का वितरण किया गया जो देर रात तक चलता रहा। छठ महापर्व के तीसरे दिन सोमवार को छठव्रती दिन-रात निर्जला उपवास रखेंगे। साथ ही अपराहन बाद सूप दउरा में प्रसाद, धूप, अगरबती, नारियल व फल-फूल सजाकर छठ घाटों पर जाकर अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य देंगी। वहीं चैथे दिन मंगलवार को तड़के पुनः छठ घाटों पर जाकर उद्यीमान भगवान सूर्य को द्वितीय अर्घ्य अर्पित करेंगे। दोनों समय अर्घ्य अर्पित करने से पहले छठव्रती आधे शरीर पानी में रहकर छठ मां, भगवान सूर्य की पूजा अराधना करेंगे। छठ महापर्व पर अर्घ्य अर्पित करने के लिए छठ घाटो पर भक्त की भीड़ उमडेगी। मंगलवार को अर्घ्य अर्पित करने के बाद छठव्रती छठ का प्रसाद सेवन कर पारण करेंगे। इधर चैती छठ महापर्व पर कोयलांचल में जगह जगह छठ महापर्व के गीत बज रहे हैं। साथ ही नलकारी नदी छठघाट स्थित छठमाता मंदिर, भगवान सूर्य, मां गंगा मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। वहीं भुरकुंडा-सौंदा नलकारी छठ-घाट, रिभर साईड-गिद्दी छठघाट सहित चिकोर, लपंगा, भदानीनगर आदि छठ घाटों की जेसीबी मशीन से साफ-सफाई की जा रही है।

## जवाहर नगर में 24 घंटे के अखंड-हरिकीर्तन का शुभारंभ, हरे राम-हरे कृष्ण के उद्घोष से गूंजा क्षेत्र



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। जवाहर नगर बजरंग बलि मंदिर चबुतर पर आशा देवी व जवाहर कॉलोनीवासियों के सहयोग से चैती दुर्गा पूजा व लोक आस्था का महापर्व छठ के पावन अवसर पर रविवार को 24 घंटे के अखंड-हरिकीत्रन का शुभारंभ हुआ। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित द्वारा मंदिर में भगवान हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद ज्योत जलाकर अखंड-हरिकीत्रन का शुभारंभ हुआ। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। अखंड-कीत्रन में बिनोद सिंह रूपू व्यास मंडली रिवर साइड व जवाहर नगर मंडली के श्रद्धालुओं के हरे राम हरे कृष्ण के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। अखंड-कीर्तन को सफल बनाने में समाजसेवी श्रीनिवास अग्रवाल, उपेंद्र शर्मा, सुनील कुमार, शंभु साव, लाल मोहन कुमार, राजन साव, कृष्णा यादव, ललन यादव, विजय यादव, दिनेश मेहता, विनय यादव, डी के पंडित, अप्पू मिश्रा, जनेशर साव, सौरभ सिंह, बंटी ठाकुर, हर्ष गुप्ता, सोनू कुमार, राजेश नायक, कमल देवी आदि जुटे हैं।

## बैठक में घोटाले की जांच की मांग करेंगे: महेंद्र

सिमरिया (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड क्षेत्र में लगाये जा रहे जलनल योजना में ठीकेदारों द्वारा बडा गड़बड़ घोटाला किया जा रहा है। जिसे लेकर सासंद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह ने कहा कि सिमरिया प्रखण्ड क्षेत्र में लगाए जा रहे जलनल योजना में महाघोटाला किया जा रहा है। जलनल योजना के स्टिमीट से बाहर वारे न्यारे कर रुपए का बंदर बाट किया जा रहा है। किए जा रहे घोटाले को दिशा की बैठक में उठाया जाएगा। आगे कहा कि डाड़ी, बानासाड़ी, हुरनाली, चौपे के अलावे अन्य पंचायतो में जलनल योजना के तहत जैसे तैसे कार्य कर रुपए का घोटाला किया जा रहा है। ठीकेदार द्वारा 3 फिट के जगह महज एक से डेढ़ फिट गहराई कर घटिया पाइप लगाया जा रहा है।

## भाजपा नेता अजय सिंह पंचतत्व में हुए विलीन



चतरा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि चतरा जिला के आरा गांव निवासी अजय सिंह का निधन इलाज के दौरान हो गया। उन्होंने हरिद्वार के मैक्स अस्पताल में शुक्रवार देरशाम अंतिम सांस ली। किडनी और लीवर समेत अन्य बीमारियों से जूझ रहे अजय सिंह को परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए एक माह पूर्व मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान वे आज बीमारी से लड़ते-लड़ते जिंदगी की जंग हार गए। अजय सिंह के निधन की खबर के बाद जिले में शोक की लहर दौड़ गई। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद सुनील सिंह, पूर्व सांसद धीरेंद्र अग्रवाल, सिमरिया विधायक किशुन दास, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, भाजपा नेता सुजीत भारती, उज्ज्वल दास, मृत्युंजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष बिनय सिंह, भाजपा नेता कालीचरण सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रामविलास सिंह, कमलेश रजक, समेत भाजपा नेताओं एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ बुद्धिजीवियों ने गहरा शोक जताया है। सभी ने अजय सिंह ने अंतिम यात्रा में शामिल हुए। श्रधांजलि दी। उनका अंतिम संस्कार आरा गांव के शमशान घाट में हुआ। पुत्र ने मुखाग्नि दी। भाजपा नेता अजय सिंह पंचतत्व में विलीन हो गए। मंत्री सत्यानंद भोक्ता, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी समेत ने रविवार को सुबह अंतिम यात्रा में शामिल होने आरा गांव पहुचें। दिवंगत अजय सिंह चतरा के पूर्व सांसद धीरेंद्र अग्रवाल के प्रतिनिधि भी रह चुके है। बर्तमान में सांसद सुनील सिंह के प्रतिनिधि थे। वे सरल स्वभाव के थे। सांसद सुनील सिंह एवं विधायक किशुन दास ने कहा उनके निधन से चतरा जिला में भाजपा को नुकसान हुआ है।

### श्रम नियोजन एवं कौशल विकास ने किया चतरा में मेले का आयोजन

# सरकार युवाओं को हुनरमंद बना कर रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध: भोक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



चतरा। श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग के द्वारा रविवार को कॉलेज के सामने अस्थाई हेलीपैड ग्राउण्ड में एक दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। मेला में बतौर मुख्य अतिथि विभागीय मंत्री झारखण्ड सरकार सत्यानंद भोक्ता शामिल हुए। जिला के युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि श्रम विभाग राज्य के सभी युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है। यहां के लोगों को हुनरमंद बनाकर देश विदेश में रोजगार दिलायी जाएगी। उन्होने बताया कि श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग को उन्होने नयी पहचान दिलाने का कार्य किया है। युवाओं को निबंधित कर रोजगार से जोड़ने के लिए राज्य सरकार ईच्छा शक्ति के साथ कार्य कर रही है। सरकार ने राज्य के सभी श्रम एंव नियोजन कार्यालयों को सुदृढ़ बनाने का कार्य किया है। कोविड के प्रकोप से जब भारत सहित समूचा विश्व चपेट में आया था उस वक्त झारखंड सरकार ने लगभग 10 लाख प्रवासी मजदूरों को राहत पहुंचाने का कार्य किया है। इसके लिए राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम का गठन कर दूसरे राज्यों में फंसे प्रवासियों को झारखंड अपने घर लाने का कार्य किया गया। साथ ही उनका निबंधन कराकर श्रम विभाग के सभी लाभकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। उन्होने कहा कि निबंधित मजदूरों को श्रम कार्ड के माध्यम से निःशुल्क इलाज, पेंशन, छात्रवृति योजना, साइकिल वितरण, अंत्योष्टि सहायता जैसे अन्य लाभों से आच्छादित किया जा रहा है। जिला, प्रमंडल तथा राज्य स्तरीय रोजगार मेला के माध्यम से हुनरमंद युवाओं को देश विदेश में प्लेशमेंट दिया जा रहा है। उन्होने बेरोजगार युवाओं को आहवान किया कि वे श्रम एवं नियोजन कार्यालय में जाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी ले एवं उनका समुचित लाभ उठायें। सरकार युवाओं एवं बेरोजगार के साथ हमेशा से साथ खड़ा है। उपायुक्त अबु इमरान ने कहा कि जिले के युवाओं को हुनरमंद बनाकर उनके घर के नजदीक ही रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जिले के आदिम जनजाति बिरहोरों का भी कौशल विकास किया जा रहा है। साथ ही पंचायत स्तरीय कौशल केंद्र भी खोले जा रहे है। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने श्रम विभाग के द्वारा जारी मुख्यमंत्री सारथी योजना के बुकलेट का विमोचन भी किया। साथ ही गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वहां उपस्थित युवाओं को विभागीय योजनाओं की महत्व की जानकारी दी गयी।

मौके पर मंत्री ने कुछ युवाओं को रोजगार के लिए ऑफर लेटर दिया। कौशल मेला परिसर में अनेक बाहर से आयें कंपनियों एवं विभागों द्वारा स्टॉल के माध्यम से अपनी योजनाओं को प्रदर्शित किया गया।

### मौके पर इनकी रही मौजूदगी

मेला के अवसर पर मंच पर मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, समाजसेवी नवल किशोर यादव, डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, कर्मकार बोर्ड के सदस्य श्रद्धा देवी, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, श्रम अधीक्षक अरविंद कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक समेत कई अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एपीपी पद पर सांकुल गांव निवासी शर्मानंद राजीव का चयन

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के सांकुल ग्राम निवासी रघु कुमार राम का पुत्र शमार्नंद राजीव का चयन झारखंड लोक सेवा आयोग के अंतर्गत सहायक लोक अभियोजक के पद पर हुआ है। चयन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। शमार्नंद राजीव ने बताया कि शुरूआती पढ़ाई राजकीय मध्य विद्यालय सांकूल, इंटरमीडिएट स्नातक पीटीपीएस कॉलेज और वर्ष 2012 में एलएलबी की पढ़ाई छोटानागपुर लॉ कॉलेज से पूरी की। इसके अलावे एल एल एम रांची विश्वविद्यालय से पूरी की। उन्होंने कहा कि पढ़ाई लगन से पढ़ने में सफलता अवश्य मिलती है। रविवार को पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बुके देकर स्वागत भी किया। वही उनके माता निर्मला देवी द्वारा मिठाई खिलाकर आशीर्वाद देते हुए कहा कि मेरा पुत्र का मेहनत रंग लाया है। चयनित होने पर अगल बगल के गांव के लोग में भी भी खुशी जाहिर की।

# मिशन बदलाव मुहल्ले की समस्याओं को लेकर नप और जिला प्रशासन को करायेगा अवगत



**वार्ड-01 के धांगर पत्थर तुकुटोली में पानी, विद्युत पोल एवं साफ-सफाई की भी व्यवस्था नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव के प्रतिनिधिमंडल की बैठक नगरपरिषद स्थित वार्ड नम्बर एक के मोहल्लेवासियों के साथ हुई। बैठक की अध्यक्षता मिशन बदलाव के चंद्रकला टोप्पो ने की। लोगों ने बताया कि पूरे मुहल्ले में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। मुहल्ले के लोग आज भी पानी बिजली की मूलभूत समस्याओं से घिरे हैं।

मिशन बदलाव की नगर सचिव ज्योति गलोरिया कुजूर ने बताया कि मुहल्ले की समस्याओं को लेकर कई बार वार्ड कमिश्नर को अवगत कराया गया लेकिन वार्ड कमिश्नर ने समस्याओं को दरकिनार कर दिया। मुहल्ले वालों ने बताया कि पानी की समस्याओं को लेकर पूरा मुहल्ले के लोग परेशान हैं और शुद्ध पेयजलापूर्ति के लिए यहां वहां भटकना पड़ता है। मिशन बदलाव जिला सचिव सैयदा खातुन और नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने बताया कि स्थानीय मुहल्लों की समस्याओं को लेकर नगरपरिषद पदाधिकारी, अध्यक्ष उपाध्यक्ष और जिला प्रशासन को भी अवगत कराया जायेगा और अगर प्रशासन मामलों को गंभीरता से नहीं लिया। पत्रचार के माध्यम से नगर सचिव और नगर विकास मंत्री को मिशन बादलव प्रतिनधियों के द्वारा अवगत कराया जायेगा।

बैठक में मुहल्ले के मिशन बदलाव सदस्य प्रीति कुमारी, शुक्रमनी कुमारी, अनिता देवी, और बिनोद लड़का,छेड़नी कुजूर, वर्तिना तिगा, जोहन तिग्गा, हिन्दू उरांव, चिमनी उरांव आदि उपस्थित थे।

# सिसई में उपद्रवियों से निपटने को लेकर पुलिस अधिकारी एवं जवानों को कराया गया मॉक ड्रिल



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना मैदान में रविवार को सार्जेंट अर्जुन मार्था के नेतृत्व में उपद्रवियों से निपटने को लेकर पुलिस अधिकारी व जवानों को मॉक ड्रिल कराया गया। मॉक ड्रिल के दौरान सार्जेंट अर्जुन मार्था ने खुद को सुरक्षित रखते हुए उपद्रवियों से निपटने और बिगड़ते हालात पर काबू पाने का तरीका बतलाया। उन्होंने कहा कि कही भी भीड़ हिंसक होती है तो उसे रोकने और नियंत्रण करने के लिए सबसे पहले पानी की बौछार की जाती है। उसके बाद भीड़ को तितर बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े जाते हैं, फिर भी भीड़ नियंत्रण में न आए तो रबर के गोली और लाठी चार्ज किया जाता है। इन सभी उपायों के बाद भी भीड़ हिंसा पर उतारू होकर उपद्रव करने लगती है तो मजिस्ट्रेट की अनुमति पर पहले हवाई फायरिंग और अंतिम में गोली चलाई जाती है। मॉक ड्रिल के दौरान डमी उपद्रवियों पर पानी की बौछार, आंसू गैस के गोले, रबर की गोली, लाठीचार्ज और गोली चलाने की रिहर्सल कराई गई। मौके पर सूबेदार सुरेंद्र बिरुली, थानेदार आदित्य कुमार चौधरी, सअनि किस्टो राम सहित जिला पुलिस बल व थाना की अधिकारी और जवान उपस्थित थे।

# राजकुमार गुप्ता को भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री बनाये जाने पर दी बधाई



**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया निवासी सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार गुप्ता को भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री बनाये जाने पर अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक लोगों ने बधाई और शुभकामनायें दी हैं। बधाई देने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता पंकज सिंह समेत संदीप चौधरी, बबलू ठाकुर, कृष्णा कुशवाहा, जगदंबा साहू, शैलेश साहू, राजकुमार सिंह, अमर पांडेय समेत अनेक लोग शामिल हैं।

**कार्यक्रम :** राहुल गांधी के संसद की सदस्यता रद्द करने के विरोध में कांग्रेसियों का सत्याग्रह

# राहुल की सदस्यता रद्द करना लोकतंत्र की हत्या : चैतू उरांव

**23 मार्च को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काला दिन के नाम से जाना जायेगा : मुरली मनोहर प्रसाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संसद की सदस्यता रद्द करने के विरोध में रविवार को गुमला जिला मुख्यलय में कांग्रेसियों ने सत्यग्रह का अयोजन किया। स्थानीय परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के मुख्य द्वार पर परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा के पास महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष जिला कांग्रेस कमेटी गुमला के काफी सदस्यों ने सत्याग्रह कार्यक्रम में भाग लिया। सत्याग्रह की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने की।




अध्यक्ष चैतू उरांव ने सत्याग्रह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की तानाशाह सरकार द्वारा हमारे लोकप्रिय नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किया जाना बहुत ही निंदनीय है। लोकतंत्र खतरे में है। बाबा भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को भारतीय जनता पार्टी द्वारा खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में हम सभी का दायित्व है कि लोकतंत्र को बचाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर लड़ाई लड़ने के लिए हर वक्त तैयार रहना है। केंद्र सरकार के तानाशाही रवैये एवं उनके कुकृत्य से लोगों को अवगत कराना होगा। उन्होंने आवाहन किया कि राहुल बस संघर्ष करो हम आपके साथ हैं।

प्रदेश सचिव अकील रहमान ने कहा कि राहुल गांधी बार-बार मोदी से पूछ रहे हैं कि 20 हजार करोड़ अडानी के कंपनी को दिया गया है वह पैसा किसका है। पीसीसी डेलीगेट मुरली मनोहर प्रसाद ने कहा कि 23 मार्च लोकतंत्र की आवाज दबाने का काम किया गया यह दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काला दिन के नाम से जाना जाएगा।

कार्यक्रम में पीसीसी डेलीगेट आशिक अंसारी, पीसीसी डेलीगेट राजनिल तिग्गा, महिला अध्यक्ष अमृता भगत, एससी प्रकोष्ठ अध्यक्ष भुवनेश्वर राम, सेवादल अध्यक्ष मोहम्मद कलाम आलम, अजीत गुड़िया, राजू रंजन महतो एवं हंदु भगत ने कहा ना डरे थे ना डरेंगे हम लड़े थे हम लड़ेंगे।

सत्याग्रह आंदोलन में मुख्य रूप से जिला कार्यकारिणी सदस्य विशुन राम, मो. फिरोज आलम, मो. शाहिद वारसी, मो. शादाब, शांति उरांव, जय सिंह, निमरोध एक्का, तिलेश्वर टोप्पो, अरुण गुप्ता, मो. रफी अली, प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, विकास साहू, अजीत केरकेट्टा, राजेश टोप्पो, शहजहां अंसारी, रोहित उरांव, तरुण गोप आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राहुल पर निशाना साधने से और मुखर होगा आंदोलन : रमेश चीनी

गुमला (आजाद सिपाही)। आपराधिक मानहानि मामले को लेकर सूरत की कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दोषी माना और इसके बाद उनकी केरल के वायनाड से संसद की सदस्यता चली गई। इस मामले में कांग्रेस प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि पार्टी कानूनी और राजनीतिक लड़ाई लड़ेगी तथा बिना खामोश हुए 'अडानी महाघोटाले' पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग करती रहेगी। उन्होंने कहा कि यह जल्दबाजी में लिया गया निर्णय है। यह लोकतंत्र की हत्या है। सभी सरकारी तंत्र दबाव में हैं। यह तानाशाही की शुरुआत है। अब लड़ाई को उचित दिशा देनी होगी।

# भाकपा (माले) रेड स्टार एवं झानद की टीम ने मिडिल स्कूल में बन रही पेयजल टंकी का किया निरीक्षण

**जिले भर में अनियमितता के कारण कारगर नहीं हो पा रही है जलापूर्ति योजना : विजय सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** भाकपा (माले) रेड स्टार एवं झारखंड नवनिर्माण दल का एक टीम ने पार्टी नेता सह जेएनडी के संयोजक विजय सिंह के नेतृत्व में जन शिकायत के बाद स्वच्छता व पेयजल प्रमंडल गुमला द्वारा निर्मित हो रही करोड़ों रुपए की लागत से घाघरा मिडिल स्कूल परिसर में पेयजल टंकी का निरीक्षण करने कार्य स्थल पहुंचे। कार्यस्थल पर मुंशी व लेबर मौजूद थे। जिससे कार्य के बाबत पूछताछ की गई। मुंशी ने बताया कि प्राक्कलन तो साइड में नहीं है लेकिन विभागीय इंजीनियर जिस तरह से समझा गए हैं उसी आधार पर काम हो रहा है। बाकी जानकारी देने में मुंशी ने असमर्थता जतायी।

झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि चार लाख लीटर क्षमता वाली पेयजल टंकी बन रही है, टंकी से ग्रामीणों को लाभ मिलना चाहिए। श्री सिंह ने बेकार पड़ी घाघरा बाजार टांड़ के पास करोड़ों रुपए की लागत से तीन वर्ष पूर्व बनी पेयजल टंकी का जिक्र करते हुए कहा कि विभाग का लक्ष्य सिर्फ पेयजल टंकी निर्माण नहीं बल्कि ज्यादा से ज्यादा जलापूर्ति हो यह होना चाहिए।

श्री सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा सिसई प्रखंड के मुरगु, रायडीह, गुमला व जारी प्रखंड सहित जिले भर में जलापूर्ति योजना अनियमितता के कारण कारगर नहीं हो पा रही है। इन मामलों के अलावे घाघरा प्रखंड के स्कूल कैंपस में बन रहे पेयजल टंकी निर्माण प्राक्कलन के आधार पर हो और बाजार टांड में बेकार पड़ी पेयजल टंकी को भी दुरुस्त करते हुए ग्रामीणों को इसका लाभ मिले इसके लिए विभागीय अधिकारियों से रामनवमी बाद मिलकर जलापूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए वार्ता की जाएगी, जिससे कि गर्मी में लोगों को पानी सुलभ ढंग से मिल सके। श्री सिंह के साथ घाघरा के किसान नेता शिवप्रसाद साहू व मजदूर नेता धर्मपाल उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## महिला-पुरुष समानता को लेकर किया नुक्कड़ नाटक

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में ग्राम सभा के आयोजन में किशोर समूह के बालकों के द्वारा समाज कल्याण विभाग एवं सेन्टर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के सहयोग और मार्गदर्शन से महिला-पुरुष समानता और नशा पान के विषय पर ग्रामीणों के बीच जागरूकता लाने हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। बैठक में महिला-पुरुष समानता पर जागरूकता लाने हेतु प्रथम नुक्कड़ नाटक का मंचन में यह दिखलाया गया कि किस तरह एक महिला बाहर के काम के साथ घर का भी सारा कार्य करती है। मौके पर प्रमुख सोनी लकड़ा ने कहा आज हमारे गांव में किशोरों के द्वारा जो जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा सरहनीय है। मौके पर सी3 इंडिया के ननकू बड़ाइक, एएनएम, सेविका, सहिया एवं दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## जेसीबी मशीन की चपेट में आकर वृद्ध की मौत


**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जम्टी गांव में शनिवार की देर शाम नल जल योजना में काम कर लौट रहे जेसीबी से दबकर जम्टी गांव निवासी 65 वर्षीय वृद्ध बलेसर महतो की मौत हो गई। इधर घटना उपरांत ग्रामीणों ने चालक को पकड़ कर बिशुनपुर पुलिस को सूचित किया। जिसके उपरांत थाना प्रभारी कुंदन कुमार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंच कर शव का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेज दिया। जबकि घटना में शामिल जेसीबी मशीन को जब्त कर लिया गया एवं चालक को बिशुनपुर थाना लाकर पूछताछ के उपरांत रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जेसीबी पाइपलाइन में काम कर शनिवार शाम लौट रही थी तभी वृद्ध मशीन की चपेट में आ गया और मौके पर ही मौत हो गई। घटना के दौरान वृद्ध किधर से निकला और कब गाड़ी के सामने आया चालक को पता भी नहीं चल सका। थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने कहा कि जेसीबी मशीन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

**कार्यक्रम :** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विवि में दादी जानकी जी का पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया

# दादी जानकी जी का जीवन एक प्रेरणा पुंज है : शांति दीदी

**विश्व की सबसे स्थिर मन की महिला का रिकॉर्ड 140 देशों में फैले ब्रह्माकुमारीज की मुख्य प्रशासिका दादी जानकी जी के नाम है**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के गुमला शाखा में रविवार को दादी जानकी जी का पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आश्रम में ब्रह्मा भोजन का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में स्थानीय संचालिका ब्रह्माकुमारी शांति दीदी ने दादी जानकी जी के अविस्मरणीय ईश्वरी सेवाओं को याद करते हुए कहा कि दादी जानकी जी का जन्म 1916 में हैदराबाद सिंध प्रांत में हुआ था। मात्र 21 वर्ष की आयु में संस्थान से दादी जी जुड़ीं, 2007 में दादी जी संस्था की मुख्य प्रशासिका बनीं। दादी जी के अथक और निस्वार्थ सेवाओं ने संस्थान के ज्ञान को विश्व के 100 देशों में पहुंचाया। दादी जी केवल चौथी कक्षा तक पढ़ी थीं और 46000 ब्रम्हाकुमारी बहनों की मां बनीं और उनका पालना की। 103 साल की उम्र में भी 12 घंटे सेवा की, सुबह 4:00 बजे उठ जाती थीं। ध्यान मग्न हो जाती थीं। 140 देशों में फैले ब्रह्माकुमारीज की मुख्य प्रशासिका दादी जानकी जी का जीवन एक प्रेरणा पुंज है। यही नहीं, विश्व की सबसे स्थिर मन की महिला का रिकॉर्ड दादी जानकी जी के नाम है। दादी जानकी जी ने 1970 में भारतीय संस्कृति का विदेशों में बीजारोपण किया। उनके अपनापन, स्नेह प्यार एवं मूल्यों की भाषा ने विदेशी जमीन पर भारतीय संस्कृति को स्थापित किया। धीरे-धीरे यह कारवां बढ़ता रहा, लाखों ने भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और मेडिटेशन को अपनी दिनचर्या में शामिल किया, और अपने जीवन को नई दिशा दे रहे हैं। ब्रह्माकुमारीज के पूरे विश्व में साफ सफाई एवं स्वच्छता को लेकर विशेष पहचान रही है। देश में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए मोदी जी ने दादी जानकी को स्वच्छ भारत मिशन का ब्रांड एंबेसडर भी नियुक्त किया। दादी जी को विदेश की सेवा के दौरान कई अंतरराष्ट्रीय अवार्ड से भी नवाजा गया। इसके अलावा भारत में भी कई राष्ट्रीय अवार्ड से नवाजा गया।

नवरात्र के अवसर पर संस्था में समर्पित 21 बहनों का सम्मान किया गया एवं सेंटर इंचार्ज बी के शांति दीदी ने कहा कि ये बहनों ने अपना जीवन परमात्मा के द्वारा विश्व परिवर्तन के कार्य हेतु समर्पित किया है, दिन रात एक कर अपने मन वचन कर्म से परमात्मा को समर्पित है एवं विभिन्न स्थानों पर रहते समाज में नई चेतना की जागृति में लगे हुए हैं और दादी जानकी के नक्शे कदम पर चल रही हैं।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रूप से गुमला, रांची, लोहरदगा, छत्तीसगढ़, लातेहार, सिसई, कुम्हारी, पालकोट, बसिया आदि स्थानों से सैकड़ों भाई बहन सम्मिलित हुए जिसमें विनोद बंका, विपिन बंका, वीरेंद्र बंका, पवन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पप्पू अग्रवाल, विनय भाई, शिव भाई, मनोज भाई, मंगल भाई, सुधीर भाई ममता बहन, अमृता बहन, कविता, बहन मंजू, बहन आदि सम्मिलित हुए।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### केंद्रीय महावीर मंडल के सदस्यों ने गांव-गांव में जाकर दिया निमंत्रण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय महावीर मंडल द्वारा प्रखंड क्षेत्र के कई गांव का भ्रमण कर 30 मार्च को प्रखंड मुख्यालय में लगने वाले मेला को लेकर केंद्रीय महावीर मंडल के सदस्यों के द्वारा निमंत्रण दी जा रही है। इस क्रम में केंद्रीय महावीर मंडल के सदस्यों के द्वारा गांव-गांव में बताया जा रहा है कि 30 मार्च को प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी धूमधाम से मनाया जाएगा। जुलूस अस्त्र शस्त्र संचालन प्रतियोगिता बेहतर झांकी सहित कई कार्यक्रम किये जाएंगे। कार्यक्रम में बेहतर तलवारबाजी करने वाले और बढ़िया आकर्षक जुलूस निकालने वाले गांव के टीम को पुरस्कृत व सम्मानित भी किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्यो के द्वारा व्यापक व्यापक रूप से लोगों को संपर्क करके आमंत्रित किया जा रहा है। ताकि गांव के लोग अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रामनवमी पर्व को बेहतर बना सकें। इस संबंध में महावीर मंडल के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि इस वर्ष रामनवमी का जुलूस विशाल एवं आकर्षक बनाना है। भ्रमण कार्यक्रम में दिनेश कुमार नाग, शिवकुमार शौर्य, दीपक कुमार गुप्ता, अमित ठाकुर, अवनीत कुमार पांडे, बनवारी लाल गुप्ता, गोलू सिंह, आशीष सोनी, संतोष गुप्ता सहित कई लोग लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं।

### हापामुनि गांव में लगने वाले मंडा मेला की तैयारी को लेकर की गयी बैठक

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** हापामुनि गांव में लगने वाले मंडा मेला की तैयारी को लेकर एग्रोटेक हापामुनी में रविवार को मेला के संरक्षक प्रोफेसर अवध मनी पाठक की अध्यक्षता में सम्पन हुई। बैठक में मंडा मेला के कार्यक्रम आयोजित का समय सारणी बनाया गया। जिसमें दिनांक 31 मार्च को भोक्ता प्रवेश, दिनांक 1 अप्रैल को प्रातः 8 बजे कलश यात्रा, दोपहर 1 बजे रूद्र अभिषेक, 2 अप्रैल को प्रातः 9 बजे रूद्र अभिषेक और रात्रि 9 से झांकी, 3 अप्रैल को प्रातः 9 बजे रूद्र अभिषेक, रात्रि 9 बजे से झांकी व रात्रि में ही भगवत कथा। 4 अप्रैल को प्रातः 9 बजे भोक्ताओ के द्वारा गांव भ्रमण और रात्रि में 10 से संस्कृति कार्यक्रम व रात्रि 1 बजे बाद (लगभग) फुल कुंदी होगी, 5 अप्रैल को मेला और दोपहर 3 बजे भोक्ताओ का झूला झूलन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की जाएगी। कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों के उपस्थित होने की अपील पूजा समिति के द्वारा की गयी। मौके पर अवधमनी पाठक, अजीत मनी पाठक, आदित्य भगत, राजेंद्र साहू, निलेश मनी पाठक, राजेश मनी पाठक, प्रदीप मनी पाठक, मुकेश मनी पाठक, मिथिलेश मनी पाठक, भरत मिश्र, प्रधान उरांव, रविंद्र महली, परमानंद ज्योति, रूपेश साहू, संजेश उरांव, पाठ भोक्ता, महादेव उरांव, अन्नू साहू सहित कई लोग थे।

### जारी के कोमडो गांव में मुखिया एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में पुलिस पब्लिक मीटिंग का आयोजन

**जारी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोमडो गांव में स्थानीय मुखिया एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में पुलिस पब्लिक मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान जारी पुलिस के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को नशापान, मानव तस्करी, बालविवाह, साइबर क्राइम, डायन विषाही, महिलाओं एवं बच्चियों से संबंधित अपराध एवं अन्य बातों को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही आगामी त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गयी। मौके पर जारी थाना प्रभारी मनीष कुमार सहित पुलिस बल और ग्रामीण उपस्थित थे।

### पालकोट मंडल भाजपा ने बूथ सशक्तिकरण को लेकर हर घर पहुंचने का रखा लक्ष्य



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अन्तर्गत डहुपानी पंचायत में भजपा द्वारा बूथ सशक्तिकरण को लेकर बैठक कर पार्टी का हर घर पहुंचने का लक्षय रखा गया। रविवार को भाजपा मण्डल बैठक की अध्यक्षता डहूपानी पंचायत मुखिया कमल पहान व पंचायत संयोजक प्रकाश नारायण सिंह (गुड्डू सिंह) ने की बैठक में मुख्य रूप मंडल अध्यक्ष गोपाल प्रसाद केसरी तथा सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा, डहूपानी पंचायत के सभी कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथों को सशक्त बनाना है। सभी बूथों पर बूथ समिति का पूर्ण निर्माण करना है। साथ ही पंचायत प्रमुख भी नियुक्त करना है। इस बूथ समिति को इस तरह बनना है, जिससे हम हर घर में प्रदेश और केन्द्र सरकार की नीतियों को पहुंचा सकें।

### घाघरा में वन विभाग ने वन संपदा बचाओ कार्यक्रम का किया आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बिमरला बाजार टांड़ में वन विभाग वन प्रमंडल गुमला व कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में वन में आग ना लगाओ वन संपदा को बचाओ नामक कार्यक्रम रविवार को दिन के 2:00 बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित वन विभाग वन प्रमंडल गुमला के डीएफओ बेलाल अहमद ने कहा कि जंगल की रक्षा स्वयं ग्रामवासी कर सकते हैं। वन है तो जीवन है। वनों को बचाने हेतु कृत संकल्पित होना होगा। सरकारी तंत्र एवं जंगल वासियों के बीच आपसी समन्यवय से वन बचेगा। वही डीएफओ ने अन्य सरकारी विभाग से भी समन्वय स्थापित कर इस क्षेत्र की समस्या को दूर करने की बात भी कही। जंगल में आग ना लगाने जंगली जीव को ना मारने हाथी को अनावश्यक ना छेड़ने की भी बात कही। मौके पर अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि वन में पौधों की कमी जीवन को संकट में डाल देंगे। हम सबों को वनों की रक्षा के लिए आगे आना होगा। उन्होंने वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से ही वनों को कटने और बर्बाद होने से बचाया जा सकता है। इसके पूर्व सभी अतिथियों का संस्कृति परंपरा को आगे लाते हुए लोटा पानी कर स्वागत किया गया। वही आरसी मिशन स्कूल बीमारला एवं अनुग्रह विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। संस्थान की ओर से सचिव अनिरुद्ध चौबे ने डीएफओ को मोमेंटो वह अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। ग्रामीण बच्चियों के साथ डीएफओ ने वनों में एक पेड़ को राखी सूत्र बांधा और बच्चों को व ग्रामीणों को पेड़ ना काटने की शपथ दिलाई। मौके पर मुखिया चांदनी देवी, शीला कुजुर, फादर जॉन, विजिट किंडो, रोबिन लकड़ा, विजेंद्र उराव, इलियास कुजूर, विष्णु भगत, जितवाहन भगत, कृपा मुंडा, मुनेश्वर उरांव सहित कई ग्रामीण महिला पुरूष लोग उपस्थित थे।

